M/s. SHANTA SERVICE STATION
Bharat Petroleum
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure

सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# दैनिक धनुषधारी

संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी

वर्ष-31, अंक 298, उल्हासनगर, गुरूवार 14 नवंबर, 2024 ( पृष्ठ 6 )
Mob. No. 9325937797
E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com
Post Regd No.THC/111/2024-2026
RNI No. 68359/93,
dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com




## गोल मैदान में चल रहे अमृतवेला चालिया में आशीर्वाद लेने पहुंचे उपमुख्यमंत्री

# अमृतवेला कीर्तन से हुई एक नई ऊर्जा की अनुभूति -फडणवीस






उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर में इन दिनों गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरु नानक देव जी के नाम की धूम मची हुई है। शहरभर में दरबारों व गुरुद्वारों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में गत 5 अक्टूबर से उल्हासनगर कैंप 1, गोल मैदान, भगवंती नावानी स्टेज के सामने अमृतवेला ट्रस्ट द्वारा भाईसाहब गुरप्रीत सिंह जी (रिंकू भाईसाहब) के चालीस दिवसीय कथा-कीर्तन कार्यक्रम 'अमृतवेला चालिया' का आयोजन किया गया है जिसमें रोजाना हजारों की संख्या में साध-संगत अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है और कीर्तन का लाभ लेते हुए गुरु के नाम से जुड़ रही है। इसके साथ ही अमृतवेला ट्रस्ट द्वारा रोज सुबह गुरु की प्रभात फेरी का भी आयोजन किया जा रहा है।

बुधवार 13 नवंबर की सुबह 5 बजे राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी गोल मैदान में आयोजित अमृतवेला चालिया पहुंच गुरु ग्रंथ साहेब का दर्शन कर गुरु नानक देव जी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने संगत के बीच बैठकर रिंकू भाईसाहब के कीर्तन को भी सुना और कीर्तन का लाभ लिया। कीर्तन समाप्ति के बाद सारी संगत की तरफ से उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का स्वागत रिंकू भाईसाहब द्वारा किया गया। साथ ही विरेंद्र (विक्की) कुकरेजा, कुमार आयलानी व सुलभा गायकवाड़ का स्वागत अमृतवेला ट्रस्ट द्वारा किया गया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने अमृतवेला चालिया में उपस्थित गुरू के प्यारे जनसमूह को संबोधित किया। श्री फडणवीस ने अपने संबोधन में कहा कि, कहते हैं जब तक गुरू की कृपा नहीं होती तब तक हमें मंजिल नहीं मिलती, चाहें हम कितनी भी मेहनत कर लें और बड़ी-बड़ी बातें कर लें। मैं इसे गुरू की कृपा ही मानता हूं जो उल्हासनगर आकर रिंकू भाईसाहब के श्रीमुख से इन शबदों को सुनने का सौभाग्य मिला, जो सीधे हमारे कानों के माध्यम से हृदय में उतर कर आत्मा को शुद्ध करता हैं।

अमृतवेला ट्रस्ट के बारे में उन्होंने कहा कि यह ट्रस्ट देश-विदेश में अमृतवेला के कार्यक्रम का आयोजन कर गुरू के वचनों को एक तरफ जहां घर-घर पहुँचाने का पवित्र काम कर रहा है तो वहीं नानक रोटी ट्रस्ट लगातार भंडारा एवं प्रसाद वितरित करके गुरू की, कोई भूखा ना रहें की उक्ति को भी यथार्थ में उतारने का प्रयास कर रहा है। गुरू से प्रार्थना हैं कि वो सदैव हम पर ऐसी मेहर करें कि हमारे द्वारा लोगों के अच्छे और नेक काम होते रहें। इस कार्यक्रम में सहभागी होकर मुझे एक नई ऊर्जा की अनुभूति हो रहीं हैं। गुरू की कृपा सदैव ऐसी बनी रहें, यह प्रार्थना। इस अवसर पर कल्याण के पूर्व विधायक नरेंद्र पवार, जमनु पुरस्वानी, प्रदीप रामचंदानी, महेश सुखरामानी, नरेंद्र राजानी, उद्धव रूपचंदानी, मीना आयलानी, दीपक छतलानी, बॉबी अरोरा, सनी लुल्ला समेत हजारों की संख्या में संगत उपस्थित थी।

# डोर टू डोर चुनाव प्रचार में गंगोत्री को मिल रहा भरपूर जन-आशीर्वाद



उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में बतौर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उतरे भरत गंगोत्री के चुनाव मैदान में उतरने से दिग्गजों की नींद उड़ी हुई है. यह कहना है एनसीपी नेता और जानी मानी समाजसेवी सोनिया धामी का. बता दें कि उल्हासनगर मनपा के पैनल 17 में करवाए गए विकास कार्य के बल पर बड़ी तेजी से उल्हासनगर की राजनीति में भरत गंगोत्री उभरे हैं. अब उनकी मंशा उल्हासनगर की बदहाल स्थिति को सुधारने की है और इसी जज्बे के साथ वे चुनावी मैदान में उतरे हैं और डोर टू डोर चुनाव प्रचार में उन्हें लोगों का भरपूर आशीर्वाद भी मिल रहा है।

दरअसल लोगों के सामने भरत गंगोत्री के रूप में एक साफ छवि वाले नेता का विकल्प है. भरत गंगोत्री चुनाव प्रचार में दिलो जान से जुटे हैं और नागरिकों से यही कह रहे हैं कि चेहरा बदलो, शहर बदलेगा. अब तो ये जनता को सोचना है कि क्या वे चेहरा बदलेंगे ताकि शहर बदले? फ़िलहाल भरत गंगोत्री का चुनाव प्रचार जोरों पर चल रहा है. उनके साथ तो दिग्गजों की ना तो टोली है और ना ही उनके समर्थन में प्रदेश या देश स्तर के नेता है, लेकिन भरत गंगोत्री को ये विश्वास है और वे पूरे आत्मविश्वास के साथ उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में घूम रहे हैं कि लोगों के पास जो विकल्प नहीं थे अब मिले हैं इसलिए लोग अपना निर्णय दृढ़तापूर्वक उनके समर्थन में लेंगे. ये कहना है सोनिया धामी का. बात करें सोनिया धामी की तो वो भी पूरी टीम के साथ भरत गंगोत्री के चुनाव प्रचार में जुटी हैं और नागरिकों से यही कह रही हैं कि इस बार उन्हें भरत गंगोत्री के रूप में एक दमदार विकल्प मिला है और आप विकल्प चुनें तभी शहर बदलेगा।

# बेटे ओमी के लिए जबरदस्त विलपॉवर के साथ चुनावी मैदान में उतरे पप्पू कालानी

## बदल रहे है उल्हासनगर में चुनावी समीकरण



उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी (शरद पवार) के उम्मीदवार और अपने बेटे ओमेश (ओमी) पप्पू कालानी को इस बार चुनाव में भारी मतों से जीत का सेहरा पहनाने के लिए शहर के पूर्व विधायक पप्पू कालानी जबरदस्त विलपॉवर के साथ मैदान में उतरे हैं. सुबह से रात तक वे चुनाव प्रचार करते देखे जा सकते हैं. दरअसल उन्होंने अपने बेटे ओमी कालानी को चुनाव जितवाने की मानो कसम खाई है इसलिए ये देखा जा रहा है कि उन्होंने अपने जीवनकाल की सबसे अधिक ऊर्जा इस चुनाव में लगा दिया है. परिणामस्वरूप उल्हासनगर की चुनावी हवा एक बार फिरसे कालानीमय होती नजर आ रही है!

एक और जहां अन्य पार्टियों के लिए प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के आगमन पर उम्मीदवारों को भीड़ जुटानी पड़ती है तो वहीं पप्पू कालानी की लोकप्रियता का आलम यह है कि पप्पू कालानी जहां भी खड़े हो जाते हैं वहां उन्हें देखने और सुनने के लिए भीड़ लग जाती है. लोगों का यह प्यार दर्शाता है कि पप्पू कालानी के प्रति लोगों में वही प्यार और सम्मान है जो वर्षों से चला आ रहा है. पप्पू कालानी भी लोगों की भावनाओं का कद्र करते हुए उन्हें बुनियादी सुविधाएँ दिलवाने का भरोसा दिला रहे हैं. यही वजह है कि यह चुनाव कालानी परिवार के इर्द गिर्द घूम रहा है. राजनीतिक पंडितों का कहना है कि इस चुनाव में ओमी कालानी को अच्छा परिणाम मिल सकता है। इस बार जिस प्रकार से पप्पू कालानी चुनाव मैदान में पूरे दम ख़म के साथ उतरे हैं वो देखकर 1990 का चुनाव याद आ जाता है। बहरहाल वर्तमान समय में चुनाव प्रचार में ये दिख रहा है कि कालानी सबसे आगे चल रहे हैं और पप्पू कालानी ने भी दिखा दिया है कि राजनीति में लोग जिस कालानी की बात करते हैं वही पप्पू कालानी चुनाव मैदान में हैं।



# डोर टू डोर प्रचार में जुटे निर्दलीय उम्मीदवार हेमंतकुमार वलेछा





उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर 141 विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में बॅटरी-टोर्च चुनावी चिन्ह से चुनावी मैदान में उतरें हेमंतकुमार वलेछा द्वारा पिछले कुछ दिनों से डोर टू डोर प्रचार जोरों-शोरों से शुरू कर दिया गया है। वे रोजाना घर-घर व दुकान-दुकान जाकर सैकड़ों लोगों से मिल रहे है और 'आपका एक वोट, शहर के उजाले की ओर' के अपने चुनावी नारे को लोगों तक पहुंचा रहे है। साफ-सुथरी व्यापारी छवि वाले उम्मीदवार के रूप में उन्हें नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है।

हेमंत कुमार वलेछा द्वारा बताया गया है कि वे और उनकी पूरी टीम दिन-रात एक करते हुए चुनावी प्रचार में लगे हुए है। शहर में परिवर्तन की लेहर इस बार बहुत ही ज्यादा तेजी से फैल रही है। खस्ताहाल हालत में पड़े इस शहर को एक नए चेहरे और नए विजन की जरूरत है। उन्होंने आगे बताया कि जैसे-जैसे वो लोगों के बीच जा रहे है वैसे-वैसे लोग उनसे पूछ रहे है कि क्या वे भी शहर में वर्षों से राज करने वाली कुछ गिनी-चुनी बड़ी राजनीतिक पार्टी की तरफ से तो उनके पास नहीं आ रहे है, क्योंकि उनसे अब वे परेशान हो चुके है। श्री वलेछा ने आगे बताया कि जब वे लोगों के बीच निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में वोट मांगने जा रहे है और अपना संकल्प पत्र लोगों से साझा कर रहे है तो लोग उन्हें अच्छा रिस्पांस दे रहे है और उन्हें एक अवसर देने की बात कह रहे है।

उन्होंने आगे कहा कि उन्हें एक मौका चाहिए ताकि वे भी अपने शहर के लिए कुछ कर सकें। वे कहते है कि डोर टू डोर अभियान में वे झूलेलाल स्कूल परिसर, उल्हासनगर 2 भाजी मार्केट एरिया, चेलाराम मार्केट, सोनारा बाजार व सोनार गली आदि कई इलाकों में जा चुके है। इस दौरान लोगों की प्रतिक्रिया इस प्रकार मिल रही है कि शहर में नया चेहरा नहीं आया तो वे नोटा को वोट करेंगे। श्री वलेछा ने अंत में कहा कि वो अगले कुछ दिनों में शहर के मुख्य बाजार व इलाके कवर करने जा रहे है। इसके साथ ही भव्य चुनावी रैली भी उनके द्वारा निकाली जानी है।

# अंबरनाथ विधानसभा : महायुति उम्मीदवार डॉ. बालाजी किणीकर का संकल्प पत्र जारी



अंबरनाथ (नि.स.)। अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र के महायुति के उम्मीदवार डॉ.बालाजी किणीकर का संकल्प पत्र (मेनिफेस्टो) जारी हुआ। यह संकल्प पत्र अंबरनाथ पूर्व में स्थित सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे के जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में जारी की गई। इस अवसर पर उपस्थित शिवसेना (शिंदे) के जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे ने हमोगों को सिखाया है कि वादा करना चाहिए और वादा पूरा करना चाहिए, जिसके लिए अब तक सभी जन प्रतिनिधि और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे काम कर रहे हैं।

विगत तीन टर्म से डॉ. बालाजी किणीकर अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक के रूप में, उन्होंने अंबरनाथ और उल्हासनगर दोनों विभागों में अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाएं लाई और पूरी कीं। पिछली बार जो संकल्प पत्र दिया गया था, उसके अनुरूप काम किया गया और कई मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर वर्तमान विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने अंबरनाथ और उल्हासनगर क्षेत्र में हुए 19 विकास कार्यों की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि 25 से अधिक महत्वपूर्ण विकास कार्य भी किये जायेंगे। कार्यक्रम में पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी, अब्दुल भाई शेख, सुभाष सालुंखे, अरविंदव वालेकर आदि मौजूद थे।

# मतदान केंद्र में मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर रोक -शिनगारे



ठाणे(प्रे.वि)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतदान प्रक्रिया 20 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 6 हजार 955 मतदान केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिनगारे ने बताया है कि चुनाव आयोग की ओर से निर्देश दिये गये हैं कि लोग बिना फोटो पहचान पत्र के मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर मतदान केंद्र में प्रवेश नहीं करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार सभी मतदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपना वोट डालने से पहले मतदान केंद्र पर पहचान के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करें ताकि मतदाता मतदान के दिन मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का अधिक प्रभावी ढंग से प्रयोग कर सकें। जो मतदाता मतदाता फोटो पहचान पत्र, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड नहीं दिखा सकेंगे। ड्राइवर संपर्क, स्थानीय खाता संख्या (पैन कार्ड), राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत भारत के रजिस्ट्रार जनरल (आरजीआई) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, केंद्र सरकार/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, संसद सदस्य/विधानसभा सदस्य/विधान परिषद सदस्य द्वारा जारी आधिकारिक पहचान पत्र और विशिष्ट विकलांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी), सामाजिक न्याय मंत्रालय, भारत सरकार आदि दस्तावेज देना अनिवार्य है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिनगारे ने सभी नागरिकों से विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए 20 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कर अपने राष्ट्रीय अधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

# डोंबिवली में दिनदहाड़े बंद घरों से लाखों की चोरी

डोंबिवली (नि.स.)। एक ओर जहां विधानसभा चुनाव में पुलिस व्यस्त है, वहीं चोरों ने भी मौके का फायदा उठाना शुरू कर दिया है। खबर है कि अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े डोंबिवली पश्चिम में अरविंदानंद सोसायटी में दो बंद घरों में सेंध लगा कर घर से 5 लाख 20 हजार रुपये की चोरी कर ली। इस मामले में विष्णुनगर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईशनारायण रामजीत गुप्ता (52) एक शिक्षक हैं जो महात्मा फुले रोड पर महात्मा गांधी स्कूल के पास अरविंदानंद सोसायटी की तीसरी मंजिल पर रहते हैं।

उन्होंने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करायी है। इसी सोसायटी में रहने वाले रामजीत गुप्ता के घर में भी चोरी हुई है। मंगलवार दिनांक 12 नवंबर को दोपहर एक बजे से रात आठ बजे के बीच चोरों ने सोसायटी के निवासी ईशनारायण गुप्ता और रामजीत गुप्ता, इन दोनों के बंद घरों का सुरक्षा दरवाजा और अंदर के दरवाजे का ताला खोलकर घर में रखे करीब 5 लाख 20 हजार रुपये के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बहरहाल विष्णुनगर पुलिस अज्ञात चोर की तलाश कर रही है।

**Staff Required**
**( SINDHI MALE )**
Qualification-B.COM PASSED
FOR ACCOUNTS
& FOR SALESMAN
Qualification- 10TH PASSED
CONTACT : **MR. RAJESH**
MOB.NO. **9307579475**

## संपादकीय

### आगे चुनौती बड़ी... भूलनी होगी न्यूज़ीलैंड से मिली ये हार

अपने घर में 12 बरसों तक अजेय बने रहना छोटी बात नहीं है। लगातार 18 घरेलू सीरीज जीतना ऐसा रेकॉर्ड है, जिसे ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज जैसी टीमें अपने शिखर पर रहते हुए भी हासिल नहीं कर पाई थीं। इसी रेकॉर्ड ने टेस्ट क्रिकेट में भारत को 'द लास्ट फ्रंटियर' का रुतबा दिया। जाहिर है, जीत का सिलसिला कहीं तो थमना था। क्लाइव लॉयड और स्टीव वॉ जैसे कप्तान भी हारे हैं, लेकिन यह हार इसलिए चुभ रही है, क्योंकि भारतीय टीम अपने ही घर में और अपने ही हथियार, स्पिन बोलिंग से धराशायी हो गई। भारत के स्पिनर्स उस तरह प्रभावी नहीं हो सके, जैसे न्यूजीलैंड के। इक्का-दुक्का को छोड़कर हमारे बैटर्स भी नाकाम रहे। कहा जा रहा है कि टीम इंडिया कंडिशन समझने में विफल रही। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच बेंगलुरु में हुआ था। उस मैच में बादल भरे आसमान के नीचे पहले बैटिंग करने का भारतीय टीम का फैसला गलत साबित हुआ और वहां से मोमेंटम पूरी सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पक्ष में चला गया। लेकिन, कंडिशन पढ़ने में गलती हुई कैसे? पिछले कुछ समय में यह बात कई बार उठ चुकी है कि भारत में चुनिंदा मैदानों पर ही टेस्ट मैच आयोजित किए जाने चाहिए। इससे टीम को पता रहेगा कि मैच कहां होना है और वहां किस तरह की परिस्थितियां मिलेंगी। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी टीमें यही करती हैं। देशभर में घूम-घूमकर टेस्ट खेलने से टीम को नुकसान हो रहा। ऐसा लगता है कि भारतीयों से ज्यादा न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने माहौल को पढ़ लिया था। जीत तमाम कमियों को छुपा देती है, जबकि हार से हर जख्म खुल जाते हैं। फिलहाल टीम इंडिया के साथ यही मामला है। ऐसा कितनी बार हुआ है, जब लोअर ऑर्डर ने बैटिंग में टीम को संभाला। कई सीनियर तब भी कंसिस्टेंट नहीं थे। इस पूरी सीरीज में वह कमी खुलकर सामने आ गई। सीनियर्स के जिम्मेदारी लिए बिना टीम आगे नहीं बढ़ सकती। टीम इंडिया इस सीरीज में अति-आत्मविश्वास के साथ उतरी थी। परिणाम अप्रत्याशित रहे। अब उसके सामने वह चुनौती है, जिसे सबसे मुश्किल माना जाता है, ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज। भारतीय टीम लगातार तीसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना पाती है या नहीं, यह इस सीरीज से तय होगा। हार की समीक्षा की जानी चाहिए, उपाय भी अपनाए जाने चाहिए, लेकिन हर हाल में इस हार को पीछे छोड़ना होगा। तभी भारतीय टीम भविष्य में और मजबूत होकर सामने आ सकती है।

**संपादक, टीकम लालवानी**

# भारत के लिए वैश्विक स्तर पर बदल रहे हैं राजनैतिक एवं रणनीतिक समीकरण

**भारत सदैव से ही एक शांतिप्रिय देश रहा है और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना में विश्वास करता आया है। इन्हीं कारणों के चलते भारत के लगभग समस्त देशों से अच्छे सम्बंध रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस और यूक्रेन दोनों ही देश युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं तो उधर इज़राईल-हमास/लेबनान/ईरान युद्ध में ये समस्त देश भी युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं। दूसरी ओर, ग्लोबल साउथ सहित कई अफ्रीकी देश भी आज भारत का नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार हैं। इन परिस्थितियों के बीच वैश्विक स्तर पर यह मांग बहुत जोर पकड़ती जा रही है कि भारत को यूनाइटेड नेशन्स की सुरक्षा समिति में स्थाई सदस्यता प्रदान की जाए।**

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत की नीतियों के चलते भारत के विचारों को विश्व के समस्त देश अब गम्भीरता से लेने लगे हैं। भारत वैसे भी विश्व मित्र की भूमिका का निर्वहन करना चाहता है। भारत के आज विश्व के समस्त प्रभावशाली देशों के साथ प्रगाढ़ सम्बंध है।

वैश्विक स्तर पर आज परिस्थितियां, विशेष रूप से राजनैतिक, रणनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्र में, तेजी से बदल रही हैं। नए नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। जी-7, जी-20 एवं नाटो के सामने ब्रिक्स अपने पांव पसारता नजर आ रहा है। अमेरिका के साथ साथ यूरोपीयन देश अपनी चमक खो रहे हैं। इन देशों को विकसित देश तो कहा ही जाता रहा हैं, साथ ही, वैश्विक स्तर पर कई संगठनों को खड़ा करने में इन देशों की महत्वपूर्ण भूमिका भी रही है और इन संगठनों की मदद से इन देशों का दबदबा भी पूरे विश्व में कायम रहता आया है। यूनाइटेड नेशनस, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, नाटो, फाइव आइज, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन, जी-7 एवं जी-20 जैसे अन्य कई संगठनों के माध्यम पूरे विश्व में ही लगभग प्रत्येक क्षेत्र को यह विकसित देश प्रभावित एवं नियंत्रित करते रहे हैं। परंतु, आज दक्षिणी अफ्रीकी उपमहाद्वीप के देशों, मध्य एशिया में अरब देशों एवं भारतीय उपमहाद्वीप स्थित देशों ने उक्त संगठनों में सुधार कार्यक्रम लागू करने के लिए आवाज उठाना शुरू कर दिया है। उक्त वर्णित लगभग समस्त अंतरराष्ट्रीय संगठनों की स्थापना 1900-2000 शताब्दी में की गई थी। इतने लम्बे अंतराल के बाद भी विश्व के अन्य देशों को इन संगठनों में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान नहीं की गई है। कुल मिलाकर, अमेरिका एवं यूरोपीयन देशों का दबदबा इन संगठनों की स्थापना के बाद से ही लगातार कायम रहा है।

भारत सदैव से ही एक शांतिप्रिय देश रहा है और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना में विश्वास करता आया है। इन्हीं कारणों के चलते भारत के लगभग समस्त देशों से अच्छे सम्बंध रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस और यूक्रेन दोनों ही देश युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं तो उधर इजराईल-हमास/लेबनान/ईरान युद्ध में ये समस्त देश भी युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं। दूसरी ओर, ग्लोबल साउथ सहित कई अफ्रीकी देश भी आज भारत का नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार हैं। इन परिस्थितियों के बीच वैश्विक स्तर पर यह मांग बहुत जोर पकड़ती जा रही है कि भारत को यूनाइटेड नेशन्स की सुरक्षा समिति में स्थाई सदस्यता प्रदान की जाए। परंतु रूस, अमेरिका, फ्रांन्स एवं अन्य वीटो प्राप्त देशों द्वारा भारत का समर्थन किए जाने के बावजूद यह कार्य सम्पन्न नहीं हो पा रहा है क्योंकि चीन नहीं चाहता कि भारत सुरक्षा समिति का स्थाई सदस्य बने और वीटो प्राप्त करने का अधिकारी बने।

उक्त संगठनों के इत्तर हाल ही में सम्पन्न हुई ब्रिक्स समूह देशों की बैठक में रूस, भारत एवं चीन की तिकड़ी बनती हुई



दिखाई दे रही है। इस तिकड़ी द्वारा ब्रिक्स समूह की बैठक में लिए गए कुछ निर्णयों के चलते यदि भारत, रूस एवं चीन के बीच बदलते राजनीतिक एवं रणनीतिक सम्बंध इसी प्रकार आगे बढ़ते हैं तो इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर रणनीतिक, आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्र पर भी पड़ेगा और आगे आने वाले दिनों में भारत के आर्थिक परिदृश्य में भी व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे। आज विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिकी का भारत के साथ सबसे अधिक व्यापार होता है। दूसरे स्थान पर चीन है। विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से भारत द्वारा किए जाने वाले तेल के आयात में, रूस से तेल के आयात में बहुत अधिक वृद्धि दर्ज हुई है इससे रूस के साथ भी भारत का विदेशी व्यापार तेजी से आगे बढ़ा है। इसके पूर्व तक भारत का विदेशी व्यापार यूरोपीयन देशों एवं अमेरिका के साथ ही अधिक मात्रा में होता आया है, परंतु हाल ही समय में इसमें कुछ परिवर्तन होता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि एक तो यूरोपीयन देशों की आर्थिक वृद्धि दर कम हो रही है और दूसरे भारत को अपने विदेशी व्यापार में वृद्धि करने हेतु अब नए बाजार की तलाश करना आवश्यक हो गया है। दक्षिणी अफ्रीकी देश, मध्य एशिया के अरब देश, भारतीय उपमहाद्वीप में स्थित देश एवं चीन आदि देशों के रूप में भारत के उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार खड़ा हो सकता है। इस प्रकार, चीन के साथ हुए हाल ही के समझौते से केवल दोनों देशों के बॉर्डर पर ही शांति स्थापित नहीं होगी बल्कि चीन सहित अन्य पड़ौसी देशों के साथ भी भारत के सम्बंध सुधर सकते हैं। अतः भारत, रूस एवं चीन की दोस्ती यदि इसी प्रकार मजबूत होना आगे भी जारी रहती है तो पश्चिमी देशों का दबदबा अब विश्व में कम हो सकता है।

भारत की नीतियों के चलते भारत के विचारों को विश्व के समस्त देश अब गम्भीरता से लेने लगे हैं। भारत वैसे भी विश्व मित्र की भूमिका का निर्वहन करना चाहता है। भारत के आज विश्व के समस्त प्रभावशाली देशों के साथ प्रगाढ़ सम्बंध है। हां, कुछ देशों जैसे चीन के साथ कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें सुलझाना शेष हैं परंतु भारत की संघर्ष जैसी स्थिति किसी भी देश के साथ नहीं है। कुछ देशों के साथ हमारी प्रतिस्पर्धा जरूर है परंतु शत्रुता नहीं है। अभी हाल ही में जून 2024 माह में भारत के प्रधानमंत्री ने इटली में जी-7 देशों के सम्मेलन में भाग लिया था, जुलाई 2024 माह में प्रधानमंत्री रूस में थे एवं रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन के साथ यूक्रेन युद्ध को हल करने एवं अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा में व्यस्त रहे। अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री यूक्रेन में पहुंचे एवं यूक्रेन के रूस के साथ युद्ध को हल करने सम्बंधी प्रयासों को गति देने का प्रयास किया। सितम्बर 2024 में प्रधानमंत्री अमेरिका पहुंचें एवं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ मुलाकात की एवं क्वाड सम्मेलन में जापान, आस्ट्रेलिया, एवं अमेरिका सहित भाग लिया। भारत के प्रधानमंत्री अक्टोबर 2024 में पुनः रूस में ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे। अक्टोबर माह में ही जर्मन के चांन्सलर भारत में पधारे। देखिए, विश्व के मई महत्वपूर्ण मंचों पर आज भारत अपनी उपस्थिति मजबूत तरीके से दर्ज कराता हुआ दिखाई दे रहा है। जी-7, क्वाड एवं ब्रिक्स सभी सम्मेलनों में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका स्पष्टतः दिखाई दे रही है। आज विश्व के समस्त प्रभावशाली देश भारत के साथ अपने सम्बन्धों को प्रगाढ़ करना चाहते हैं क्योंकि भारत का आर्थिक विकास तेज गति से आगे बढ़ रहा है, तेज गति से हो रही इस आर्थिक प्रगति के कारण भारत में विभिन्न उत्पादों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है और भारत पूरे विश्व में एक बहुत बड़े बाजार के रूप में विकसित हो रहा है तथा ये देश भारत में अपने विभिन्न उत्पादों के निर्यात को बढ़ाना चाहते हैं। दूसरे, भारत में कुशल एवं युवा नागरिकों की पर्याप्त उपलब्धता है जिसका उपयोग विश्व के अन्य देश भी करना चाहते हैं। तीसरे, भारत आज विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है एवं सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत शक्तिशाली देश बन गया है, भारत ने बहुत अच्छे स्तर पर अपनी मिलिटरी क्षमता को विकसित किया है। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते अपने लगभग समस्त पड़ौसी देशों के साथ सम्बंध अच्छे नहीं है, साथ ही कोविड महामारी के दौरान चीन का व्यवहार विश्व के अन्य देशों के साथ ठीक नहीं रहा है, सप्लाई चैन पर आधारित कम्पनियों में समस्या खड़ी हुई थी जिससे लगभग पूरे विश्व में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर विपरीत प्रभाव पड़ा था। अतः विशेष रूप से विकसित देशों ने चीन+1 की नीति का अनुसरण करना प्रारम्भ किया है जिसका सबसे अधिक लाभ भारत को होने जा रहा है और ये देश भारत में अपने निवेश को बढ़ा रहे हैं एवं भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना कर रहे हैं। उक्त कारणों के अतिरिक्त, भारत में स्थिर लोकतंत्र, स्थिर आर्थिक व्यवस्था, स्थिर सरकार एवं भारत के एक शांतिप्रिय देश होने के चलते भी अन्य देशों से निवेशक आज भारत की आकर्षित हो रहे हैं।

### राजनीतिक दलों के एजेंडे में नहीं है दिल्ली-एनसीआर का प्रदूषण


(योगेंद्र योगी)

विडंबना देखिए कि जहां हम विकास की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं वहीं देश की 67.4 फीसदी आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती है जहां प्रदषूण का स्तर देश के अपने राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक (40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) से भी ज्यादा है।

देश में सत्ता चाहे किसी भी राजनीतिक दल की रही हो, प्रदूषण के मामले में देश की राजधानी लाचार और बीमार रही है। दिल्ली का हाल ए दिल किसी को दिखाई नहीं दिया। राजनीतिक दलों ने भीषण प्रदूषण के संकट से जूझ रही दिल्ली के करोड़ों लोगों को इस जानलेवा समस्या से निजात दिलाने के बजाए एक-दूसरे के ऊपर जिम्मेदारी का ठीकरा फोडने का काम किया है। दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में उठाए गए कदम अभी तक ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए हैं। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट भी दिल्ली के प्रदूषण के सामने सरकारों की लुंजपुंज नीति के आगे पस्त नजर आता है। दर्जनों बार चेतावनी देने के बावजूद केंद्र और दिल्ली राज्य की सरकार एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाती दिखती हैं। कहने को देश विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। विश्व स्तर पर रॉकेट सांइस सहित कई क्षेत्रों में भारत ने झंडे गाढ़े हैं, किन्तु देश की राजधानी प्रदूषण के मामले में विश्व में बदनाम है।

सुप्रीम कोर्ट ने इसी सिलसिले में सुनवाई के दौरान दिल्ली-एनसीआर में पराली जलाने से बढ़ते प्रदूषण के मामले में सुनवाई के दौरान एक बार फिर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि पंजाब ने पराली जलाने से रोकने में नाकाम अधिकारियों पर सीधे कार्रवाई करने की बजाय उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह पहली बार नहीं है जब पराली जलाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई हो, हर साल सर्दियों के मौसम में पराली जलाने से दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में सांस तक लेना दुभर हो जाता है। थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में दिल्ली देश का 8वां प्रदूषित शहर था, वहीं बायर्निहाट के बाद बिहार का बेगुसराय देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर था। इसके बाद एनसीआर का ग्रेटर नोएडा शामिल था। दिल्ली और फरीदाबाद ही नहीं देश के कई अन्य छोटे बड़े शहरों में वायु गुणवत्ता जानलेवा बनी हुई है। देश में प्रदूषण की स्थिति किस कदर भयावह है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत में पीएम 2.5 हर साल दो लाख से ज्यादा अजन्मों को गर्भ में मार रहा है।

बिन्दु मिलाओ और कलर करो...



## वर्ग पहेली 5426

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | |
| 8 | | | ■ | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | 10 | | | | ■ |
| 11 | 12 | | ■ | | ■ | 13 | 14 |
| 15 | | ■ | 16 | | | ■ | |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | |
| 19 | | ■ | | ■ | 20 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस क्रांतिकारी को भगतसिंह के साथ फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
4. पृथ्वी के ऊपर की सतह (3)
6. कथन, दो या अधिक व्यक्तियों के बीच वार्तालाप (4)
8. अपना मतलब निकालने वाला, कुशल, चालाक (3)
9. किसी नगर या कस्बे में पहुंचने का प्रवेश स्थल (2)
10. किसी बड़े स्थान को घेरने के लिए लगया गया तंबू (4)
11. तलाश करने के किया जाने वाला प्रयत्न (3)
13. बेटी के बेटे को यह कहते है (2)
15. शिकस्त, पराजय, माता का अपभ्रंश (2)
16. धूल आदि साफ करने के लिए उपयुक्त होने वाली वस्तु (3)
17. बुलावा, उपस्थित होने के लिए जोर से बुलावा (3)
18. स्त्री जाति का प्राणी (2)
19. सख्त होने का भाव (2)
20. आसान, सरल, सामान्य, साधारण (3)


**ऊपर से नीचे**

1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति (8)
2. उद्गार, धूल, गर्द (3)
3. ऋतु का अपभ्रंश (2)
4. बीता हुआ, अतीत, पिशाच, प्रेत (2)
5. छोटी लता को यह कहा जाता है (3)
7. मुख्यमंत्री (अंग्रेजी)(6)
9. सनिश्चय नहीं, बिल्कुल नहीं (3)
12. पद प्रहार, ठोकर, पदाघात (2)
14. तीर से लक्ष्य को भेद करने वाला (4)
16. यह सेनेगल देश की राजधानी है, उर्ध्ववायु (3)
18. तीस दिनों का समय, मास (2)

### वर्ग पहेली 5425 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | ल्ल | भ | भा | ई | प | टे | ल |
| सी | ■ | न | न | ■ | ह | ल | क |
| य | म | क | ■ | को | ला | र | ■ |
| त | ला | ■ | श | शि | ■ | ■ | आ |
| ना | या | ब | ■ | श | ह | ना | ई |
| मा | ■ | द | म | ■ | म | ना | ना |
| ■ | आ | ल | म | आ | रा | ■ | ■ |
| जा | ग | ना | ■ | न | ज | रा | ना |

रास्ता खोजो



Reliance
Konark
Enterprises Pvt. Ltd.
AUTHORISED DEALER
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath



# परिवार के लिए अपनी क्षमता से अधिक कार्य करती रहती है गृहिणी

एक प्रचलित लतीफ़ा है। पति जब दफ़्तर से लौटता है तो पाता है कि सारा घर अस्त-व्यस्त है, बच्चे झगड़ रहे हैं, रसोई भी बिखरी पड़ी है। वह पत्नी से पूछता है तो जवाब मिलता है- 'तुम हमेशा कहते हो न कि आख़िर तुम करती ही क्या हो! तो देख लो, आज मैंने कुछ नहीं किया।' जहां तक स्त्री के काम की बात है, यह लतीफ़ा वास्तविकता बयां करता है, लेकिन उसकी प्रतिक्रिया विशुद्ध रूप से काल्पनिक है। दरअसल, परिवार के भीतर वह रिश्तों को बनाए रखने को अहमियत देती है, बजाय ख़ुद की अहमियत के, इसलिए आमतौर पर ऐसा कुछ नहीं करती जिससे परिवार पर ज़रा भी असर पड़े। लेकिन यह बात कई बार घर के भीतर स्त्री के सम्मान और उसके आत्मसम्मान के विरुद्ध हो जाती है। उसे 'तुम करती ही क्या हो' जैसी बातें सुननी पड़ती हैं। यहां तक कि बच्चे भी 'मम्मी, आप नहीं समझोगी, आप तो चुप ही रहो' सरीखी रूखी टिप्पणियां कर देते हैं। लंबे समय में यह व्यवहार उसके आत्मविश्वास पर भी नकारात्मक असर डालता है और कई अहम मामलों में वह वाक़ई पूरी तरह दूसरों पर निर्भर हो जाती है। इस मामले में पहली ज़िम्मेदारी महिला की है कि वह इस स्थिति को बदलने के प्रयास करे। यह उसके और उसके प्रिय परिवार के हित में होगा। इसके लिए कुछ ठोस क़दम उठाने की ज़रूरत है।

## स्पष्ट बात करें और ग़लत को ग़लत कहना सीखें

सबसे पहले यह आवश्यक है कि ग़लत को ग़लत कहना सीखें। यदि पति या बच्चों का कोई व्यवहार खलता है तो उन्हें विनम्रता से, लेकिन स्पष्ट शब्दों में बता दें कि ऐसा व्यवहार/टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। हो सकता है कि वे अब तक अनजाने में ऐसा करते रहे हों और आपका अपमान करने की उनकी कोई मंशा न रहती हो, किंतु आपकी आपत्ति के बाद वे आपकी भावनाओं को समझेंगे। आप आपत्ति उठाने में ज़रा भी छूट न दें। निरंतरता दूसरों के रवैए में तब्दीली लाएगी।

## महसूस कराएं कि घर के काम भी महत्वपूर्ण हैं

घर के छोटे-छोटे काम कोई छोटी बातें नहीं हैं। साफ़-सफ़ाई, भोजन बनाना और बच्चों-बुज़ुर्गों की देखभाल- ये सभी काम महत्वपूर्ण हैं। आप सारा बोझ अपने कंधे पर ना लें, बच्चों को शुरू से आदत डालें घर के कामों में मदद करने की। यदि बच्चे बड़े हो गए हैं तब भी देर नहीं हुई है। उन्हें घरेलू ज़िम्मेदारियों में शामिल करें। अपने जीवनसाथी से भी बात करें। वे जितने भी व्यस्त रहते हों, कम से कम सुबह की पहली चाय और छुट्टी के दिन आपका हाथ बंटाने का जिम्मा ले ही सकते हैं। इससे 'तुम करती ही क्या हो' का जवाब ख़ुद-ब-ख़ुद मिल जाएगा। वैसे भी, खाना पकाना, सफ़ाई करना अब जीवन-कौशल हैं जो हर व्यक्ति को आने ही चाहिए।

## अपना ध्यान रखें, शौक पूरे करें, सुकून तलाशें

अक्सर गृहिणियों की आदत होती है सुबह के कामों के चक्कर में नाश्ता ना करना, दोपहर में सबको खिलाकर ही खाना खाना, भले ही कोई घर के बाहर गया हो। इसके अलावा, वे मां बनते ही जैसे अपनी अभिरुचियां भी भुला बैठती हैं। एक समय के बाद परिजनों को भी लगने लगता है कि गृहिणी के न तो शौक़ हैं, न ही कोई पसंद-नापसंद। वैसे भी, जब वे स्वयं ही अपनी उपेक्षा करती दिखती हैं तो औरों का ध्यान भी उनकी ख़ुशी-नाख़ुशी की तरफ़ नहीं जाता। जैसा कि एक अंग्रेज़ी कहावत है, ख़ाली प्याले से आप चाय नहीं परोस सकते, उसी तरह आप अगर भीतर से स्वस्थ और सुकून में नहीं हैं तो आप परिवार की देखभाल भी सही तरीक़े से नहीं कर सकेंगी।

अतः अपनी ख़ुराक पर ध्यान दें, अपने शौक़ पूरे करें, किताब पढ़ें, गाने सुनें, बाग़वानी करें। परिवार वालों को स्पष्ट दिखना चाहिए कि आपकी पसंद-नापसंद, अभिरुचियां और ख़ुशियां हैं।

## अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाएं, निर्भरता कम करें

प्रतिदिन अख़बार ज़रूर पढ़ें, आसपास होने वाले बदलावों के साथ चलें और समझें। इससे आप ख़ासतौर पर बच्चों से उनके रुचि अनुसार विषयों पर बात कर सकेंगी। उन्हें पता चलेगा कि मां भी देश-दुनिया की जानकारी रखती हैं और जागरूक हैं। अपना ज्ञान बढ़ाएं। ज़रूरी नहीं कि आप कॉलेज में ही दाख़िला ले लें। नए विषयों पर जानकारी रखना, नई विधाएं सीखना और अपनी दक्षता को बढ़ाना आपके आत्मविश्वास को मज़बूती प्रदान करेगा। इंटरनेट के ज़माने में यह बहुत आसान है। इससे परिवार में आपकी पूछ-परख भी बढ़ेगी। किसी भी नई तकनीक से भागें नहीं, सीखने से साफ़ इनकार न कर दें, बल्कि आगे बढ़कर सीखने में रुचि दिखाएं- चाहे वह स्मार्टफोन चलाना हो या फिर वाहन।



# ये संकेत बताते हैं कि आपको सोशल मीडिया ब्रेक की है जरूरत

**सोशल मीडिया आज के समय में हर किसी की जिन्दगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। लेकिन कभी-कभी कुछ ऐसे संकेत होते हैं, जो ये बताते हैं कि आपको एक सोशल मीडिया ब्रेक की जरूरत है।**

इंटरनेट के इस युग में हम सभी के लिए सोशल मीडिया एक जरूरत बनता जा रहा है। सुबह उठकर हम सभी सबसे पहले अपने फोन को चेक करते हैं और सोशल मीडिया पर जाकर स्क्रॉल करना शुरू कर देते हैं। दूसरों की पोस्ट को लाइक करने से लेकर कमेंट लिखने व पढ़ने का यह सिलसिला हर किसी की जिन्दगी का एक हिस्सा बन चुका है। अधिकतर लोग अपनी लाइफ को सोशल मीडिया पर शेयर करना पसंद करते हैं। हालांकि, इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन कभी-कभी दूसरों से कनेक्ट करने वाला यह प्लेटफार्म आपकी लत बन जाता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर दूसरों के रिएक्शन आपकी मेंटल हेल्थ पर भी बुरा असर डालते हैं।

ऐसे में जरूरी हो जाता है कि आप कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले लें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही संकेतों के बारे में बता रहे हैं, जो यह बताते हैं कि अब आपको एक सोशल मीडिया ब्रेक ले लेना चाहिए-

## बहुत अधिक तनाव होना

अगर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से आप खुद को बहुत अधिक तनाव में महसूस करते हैं या फिर आपको एक भारीपन का अहसास होता है तो ऐसे में आपको सोशल मीडिया से ब्रेक ले लेना चाहिए। दरअसल, सोशल मीडिया पर मौजूद नेगेटिव खबरों व ऑनलाइन विवादों के लगातार संपर्क में रहने से आप भी नेगेटिव फील कर सकते हैं।

## असंतुष्ट महसूस करना

जहां सोशल मीडिया दूसरों से कनेक्ट करने का एक अच्छा तरीका है। वहीं, इन प्लेटफॉर्म पर लोग खुद की तुलना दूसरों से जरूर करते हैं। जिसके कारण उनके आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचती है। यह भी संभव है कि आप दूसरों के जीवन या लाइफस्टाइल को देखकर खुद में असंतुष्टि का अहसास करने लगें। अगर आपके मन में ऐसी फीलिंग्स बढ़ने लगी हैं तो बेहतर होगा कि आप एक कदम पीछे लें और कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाएं।

## नींद पर असर पड़ना

सेहतमंद रहने के लिए अच्छी नींद लेना बेहद जरूरी है। लेकिन ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जो सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। खासतौर से, बेडटाइम पर स्क्रॉल करने की उनकी आदत होती है। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इसका अर्थ है कि आप अपने स्लीप पैटर्न के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इससे आपको कई तरह के हेल्थ इश्यूज का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि इस आदत को तोड़ने के लिए आप कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

## प्रोडक्टिविटी में कमी आना

जिन लोगों को सोशल मीडिया की लत लग जाती है, वे अपना अधिकतर समय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ही बिताना पसंद करते हैं। ऐसे में उनकी प्रोडक्टिविटी पर नेगेटिव असर पड़ने लगता है। हो सकता है कि वह अपनी क्षमता के अनुसार काम ना कर रहे हों या फिर उनके काम की क्वालिटी पर नेगेटिव असर पड़ने लगा हो। अगर आपके साथ ऐसा हो रहा है तो आपको सोशल मीडिया को अलविदा कह देना चाहिए।

**ANNEXURE 47**

**(CHAPTER 5, PARA)**

**FORMAT C-1**

**(for candidates to publish in Newspapers, TV)**

**DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Omesh Suresh Kalani**, R/o. Plot No. 274, Kalani Mahal, Khemani Chowk, Khemani, Ulhasnagar, Dist. Thane

Name of political party: **Nationalist Congress Party – Sharadchandra Pawar**

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election: **General Legislative Assembly Elections 2024**

Name of Constituency: - **141 – Ulhasnagar Assembly Constituency**

I **Omesh Suresh Kalani** (name of candidate), a candidate for the above-mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Sl. No. | Pending Criminal Cases | | | Details about cases on Conviction for criminal Offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(S) of acts concerned and brief description of offence (s) | Name of Court & date (s) of order (s) | Description of offence (s) & punishment imposed |
| 1 | Chief Judicial Magistrate, Raigad. | S.C.C 735/2022, Awaiting for Summons | 32(c), Factories Act. Allegation of violation of rules related to worker's safety. | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | Judicial Magistrate First Class, Ulhasnagar | CR No. 551/2022, Under Investigation | IPC Section 385, 34. Allegation of extortion | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | Kalyan Sessions Court, Kalyan | Session Case No. 132/2019, Hearing | IPC Sections 364(A), 387, 342, 143, 144, 147, 148, 149, 323, 504, 506 and Section 135 of Bombay Police Act. Allegation of Kidnapping for ransom | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | Judicial Magistrate First Class, Ulhasnagar | CR No. 2574/2019, Under Investigation | IPC Section 323, 504, 34 Allegation of Voluntarily causing hurt | Not Applicable | Not Applicable |
| 5 | Kalyan Sessions Court, Kalyan | Session Case No. 88/2020, Charge | IPC Sections 353, 506 and Section 3 and 4 of The Maharashtra Medicare Service Persons and Medicare Service Institutions (Prevention of Violence and Damage or Loss to Property) Act, 2010 Allegation of assault or criminal force to deter public servant from discharge of his duty | Not Applicable | Not Applicable |
| 6 | Kalyan Sessions Court, Kalyan | Session Case No. 295/2012, Charge | IPC Sections 307, 34. Allegation of attempt to murder. | Not Applicable | Not Applicable |
| 7 | Kalyan Sessions Court, Kalyan | Session Case No. 315/2012, Charge | IPC Sections 307, 324, 143, 147, 148, 149 Allegation of attempt to murder. | Not Applicable | Not Applicable |
| 8 | Judicial Magistrate First Class, Kalyan | R.C.C 96/2012, Awaiting Summons | IPC Section 468, 471, 420, 423, 188, 192, 34 Allegation of Fraud. | Not Applicable | Not Applicable |
| 9 | Kalyan Sessions Court, Kalyan | Session Case No. 210/2023, Charge | IPC Sections 353, 186, 504, 506, 34 The Environment (protection) act,1986, Section 136 of Bombay Police Act. Allegation of assault or criminal force to deter public servant from discharge of his duty | Not Applicable | Not Applicable |
| 10 | Judicial Magistrate First Class, Ulhasnagar | CR No. 143/2008, Under Investigation | IPC Section 387 Allegation of Putting person in fear of death or of grievous hurt, in order to commit extortion | Not Applicable | Not Applicable |
| 11 | Judicial Magistrate First Class, Ulhasnagar | S.C.C. No. 990/2015, Awaiting Summons | IPC Section 188 Allegation of Disobedience to order duly promulgated by public servant | Not Applicable | Not Applicable |
| 12 | Judicial Magistrate First Class, Ulhasnagar | S.C.C. No. 2434/2007, Disposed of Otherwise | IPC Section 143, 188, 171(c), Section 37(1) and 135 of Bombay Police Act Allegation of Disobedience to order duly promulgated by public servant | Not Applicable | Not Applicable |
| 13 | Judicial Magistrate First Class, Ulhasnagar | CR No. 45/2006, Under Investigation | IPC Section 452, 352, 336, 120(B), 506(2), 504 Allegation of House-trespass after preparation for hurt. | Not Applicable | Not Applicable |
| 14 | Judicial Magistrate First Class, Kalyan | CR No. 131/2003, Under Investigation | IPC Section 353, 186, 352, 427, 434, 506(2), 34 Allegation of assault or criminal force to deter public servant from discharge of his duty. | Not Applicable | Not Applicable |
| 15 | Judicial Magistrate First Class, Kalyan | R.C.C No. 268/2004, Awaiting for Summons | IPC Section 120 (B), 109, 465, 468, 471, 477 (A), 420, 447, 471, Sections 13(1)(d) with 13(2) of Prevention of Corruption Act. Allegation of criminal trespass. | Not Applicable | Not Applicable |

# कनाडा में सुरक्षा के बदले पुलिस मांग रही 'हफ्ता'



## हिन्दुओं से फिर ज्यादती,70 हजार डॉलर की मांग

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा में अब पुलिस भी हिन्दू समुदाय पर दबाव डालती नजर आ रही है। खबर है कि कनाडा में हिन्दू समूहों से सुरक्षा देने के बदले में धन मांगा जा रहा है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर सामने आया है, जब खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत और कनाडा के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। वहीं, खालिस्तान समर्थक कथित तौर पर धमकियां दे रहे हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पील पुलिस ने कथित तौर पर हिन्दू समुदाय को सुरक्षा देने के लिए 70 हजार डॉलर की मांग की है, जिससे हिन्दू संगठन खासे नाराज हैं। कनाडा में हिन्दू संगठनों ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सरकार पर अधिकार के हनन के आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के हिन्दू समूहों का कहना है, हम भी टैक्स दे रहे हैं, फिर ये भेदभाव क्यों। पील पुलिस हमारे मुद्दों को सुलझाने के बजाए बेकार का दबाव डाल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों का कहना है कि ऐसे काफी समय से चल रहा है, क्योंकि प्रशासन पर खालिस्तानी समूहों की तरफ से हिन्दुओं के कार्यक्रम रद्द कराने का दबाव है। चैनल से बातचीत में सूत्रों ने कहा,ट्रूडो सरकार खालिस्तानू समूहों और पूर्व सहयोगी जगमीनत सिंह को मजबूर करने के लिए फाइनेंस बिल को लेकर काफी दबाव में है। उन्होंने कहा,दुनिया में यह पहली बार है, जब स्थानीय पुलिस अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए धन की मांग कर रही है। वहीं खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू के अयोध्या में राम मंदिर पर हमले की धमकी दी है।

# सीआईएसएफ में भी महिलाओं के लिए अब खुल गए दरवाजे

- केंद्र सरकार ने पहली महिला बटालियन को दी मंजूरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की पहली महिला बटालियन के गठन की मंजूरी दे दी है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि बल उन महिलाओं के लिए पसंदीदा विकल्प रहा है जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में देश की सेवा करना चाहती हैं।

# नीतिश ने फिर से छुए मोदी के पैर,भाषण के बाद किया प्रणाम

- पीएम मोदी ने रोका, हाथ पकड़कर सीएम को कुर्सी तक ले गए

**दरभंगा (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने एक बार फिर पीएम नरेंद्र मोदी के पैर छुए। मौका था बुधवार को दरभंगा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम का। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि नीतिश अपना भाषण पूरा कर पीएम मोदी के बगल में लगी अपनी कुर्सी की ओर बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री भी हाथ से उनकी कुर्सी की ओर इशारा करते दिख रहे हैं। कुर्सी पर बैठने से पहले सीएम नीतिश झुककर पीएम के पैर छूते हैं और उनको प्रणाम करते हैं।



इससे पहले, 8 जून को दिल्ली में एनडीए की बैठक में भी नीतिश कुमार ने पीएम मोदी के पैर छुए थे। वहीं, 3 नवंबर को पटना में सीएम ने पूर्व सांसद आरके सिन्हा के पैर छुए थे। वो चित्रगुप्त पूजा में शामिल होने पहुंचे थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दरभंगा में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दरभंगा के शोभन में बिहार के दूसरे एम्स का शिलान्यास किया। वहीं, उन्होंने सड़क एवं रेलवे से जुड़ी कुल 12 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इस कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार भी शामिल हुए।

# झारखंड में घुसपैठिए साजिश से छीन रहे रोजी और रोजगार

## पीएम मोदी बोले-कांग्रेस और जेएमएम के इरादे बेहद खतरनाक!

## प्रधानमंत्री बोले-आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया

**सारठ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इरादे बहुत खतरनाक हैं। कांग्रेस के शहजादे ने साफ कर दिया है कि वो एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा- 'इनके पिताजी जब कांग्रेस के सर्वेसर्वा थे, तभी उन्होंने आरक्षण हटाने का ऐलान कर दिया था। लेकिन एससी, एसटी और ओबीसी की एकजुटता के कारण वे तब बुरी तरह चुनाव हार गए। तब से आज तक कांग्रेस को कभी भी केंद्र सरकार में पूर्ण बहुमत नहीं मिला। आज भी जिन राज्यों में एससी, एसटी और ओबीसी की आबादी ज्यादा है, वहां कांग्रेस का पत्ता साफ हो चुका है। इसलिए कांग्रेस ने एक नई साजिश रची है। प्रधानमंत्री बुधवार को सारठ में भाजपा-एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने आपकी आंखों में धूल झोंकने का एक नया खेल खेला है। एसटी, एससी और



ओबीसी की सामूहिक शक्ति को तोड़ना चाहते हैं, उसे टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- जेएमएम-कांग्रेस और आरजेडी को सिर्फ अपने परिवार के भविष्य की चिंता है। ये इसी तिकड़म में लगे रहते हैं कि इनके परिवार का भला कैसे होगा।

### झारखंड की पहचान बदलने की हो रही बड़ी साजिश

उन्होंने कहा कि लेकिन यहां की सरकार का रवैया देखिए। जेएमएम सरकार ने कोर्ट में कह दिया कि झारखंड में कोई घुसपैठ हुई ही नहीं है। आज झारखंड की पहचान बदलने की बहुत बड़ी साजिश हो रही है। झारखंडी गौरव और झारखंड की पहचान, आप सबकी ताकत रही है। अगर ये पहचान ही खत्म हो गई तो क्या होगा। आंकड़े बताते हैं कि संथाल क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या करीब-करीब आधी रह गई है। अगर ऐसे ही आदिवासी घटते रहे तो क्या होगा। आपके जल-जंगल और जमीन पर दूसरों का कब्जा हो जाएगा।

# पहली बार लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

- डीआरडीओ की बड़ी कामयाबी,चीन से पाक तक टारगेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को आज एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इसने पहली बार मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर परीक्षण केंद्र से किया गया है। क्रूज मिसाइल परीक्षण के दौरान सभी



उप-प्रणालियों ने उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन किया और मिसाइल अपने टारगेट को पाने में कामयाब रही। डीआरडीओ को लंबी दूरी में स्थित जमीन पर आधारित लक्ष्यों को टारगेट करने के लिए सटीक स्ट्राइक क्षमता के लिए डिज़ाइन किया गया है। मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और आईटीआर द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनात टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर द्वारा की गई ताकि उड़ान पथ की पूरी कवरेज सुनिश्चित की जा सके। यह परीक्षण देश की रक्षा तत्परता बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है।

# संजीव गोयनका को केएल राहुल का तीखा जवाब

## एसएसजी छोड़ने पर बोले- मैं ऐसी जगह खेलना चाहता था जहां स्वतंत्रता हो

**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने आईपीएल 2025 रिटेंशन के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। फ्रैंचाइजी ने राहुल को रिलीज कर दिया क्योंकि गोयनका ने कहा कि टीम ऐसे खिलाड़ियों को रिटेन करना चाहती थी जो टीम को अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों से पहले रखते हैं, जिसे कई लोगों ने अपने कप्तान के लिए निर्देशित किया था, जिन्होंने पिछले तीन सीजन में उनका नेतृत्व किया। राहुल को 2022 की मेगा नीलामी से पहले एलएसजी ने साइन किया था और उन्हें फ्रैंचाइजी का कप्तान बनाया गया था और उनके नेतृत्व में टीम ने अपने पहले दो सीजन में प्लेऑफ़ के लिए भी क्वालीफाई किया। हालांकि यह उनके लिए आईपीएल 2024 में कारगर नहीं रहा, जहां एलएसजी ने खराब प्रदर्शन किया और अंक तालिका में 7वें स्थान पर रही।



एलएसजी ने राहुल के साथ अपने तीन साल के जुड़ाव को समाप्त करते हुए निकोलस पूरन, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, आयुष बदोनी और मोहसिन खान को रिटेन किया। एलएसजी के मालिक गोयनका ने रिटेंशन विकल्प पर चर्चा की और कहा कि इसका उद्देश्य जीतने की मानसिकता वाले खिलाड़ियों को लाना है। गोयनका ने कहा, जीतने की मानसिकता वाले खिलाड़ियों के साथ जाना एक सरल मानसिकता थी, जो अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों और व्यक्तिगत आकांक्षाओं से पहले टीम को प्राथमिकता देते हैं और हम जितना संभव हो सके उतना कोर बनाए रखना चाहते थे।राहुल ने भी गोयनका के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और एलएसजी से आगे बढ़ने के अपने फैसले पर खुलकर बात की, क्योंकि वह इस महीने के अंत में मेगा नीलामी में नीलामी के लिए जाएंगे। राहुल ने कहा, फैसला पहले ही हो चुका था। मुझे नहीं पता कि क्या टिप्पणियां हैं, लेकिन वे रिटेंशन किए जाने के बाद आई होंगी। बस मुझे लगा कि मैं नए सिरे से शुरुआत करना चाहता था, मैं अपने विकल्पों को तलाशना चाहता था और मैं ऐसी जगह खेलना चाहता था जहां मुझे कुछ स्वतंत्रता मिल सके और टीम का माहौल कुछ हल्का, अधिक संतुलित हो, आईपीएल में दबाव पहले से ही बहुत अधिक है।

पिछले सीजन में एसआरएच के खिलाफ लीग चरण के मैच के दौरान राहुल के प्रति गोयनका के ऑन-फील्ड व्यवहार ने उनके लिए हालात और खराब कर दिए, बाद में दोनों पक्षों ने मामले को सुलझा लिया। स्टार विकेटकीपर ने बताया कि गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीमों ने जो भी परिणाम बनाए हैं, उनकी परवाह किए बिना टीम के लिए संतुलित माहौल होना क्यों महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, आप गुजरात टाइटन्स, सीएसके और इन सभी टीमों को देखें, और आप देखेंगे कि वे जीतें या हारें, वे बहुत संतुलित लगती हैं; वे बहुत शांत रहती हैं; एक खिलाड़ी के तौर पर यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

एटीपी फाइनल

# सिनर ने फ्रिट्ज को फिर से हराया, मेदवेदेव भी जीते



**तूरिन (इटली) (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ़्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया। इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने फ्रिट्ज़ को 6-4, 6-4 से हराया। उन्होंने इस साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी अमेरिका के इस खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया था। टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने वाले सिनर ने कहा, 'मुझे घरेलू कोर्ट पर खेलना पसंद है। अगर आप अपने प्रशंसकों और आपका समर्थन करने वालों को पसंद करते हैं तो इससे काफी मदद मिलती है। इससे पहले दानिल मेदवेदेव ने अलेक्स डी मिनौर को 6-2, 6-4 से हरा कर खुद को सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बनाए रखा। दुनिया के चोटी के आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में डी मिनौर अपना पहला मैच सिनर से हार गए थे।

# आईपीएल 2025 में दिखाई देंगे पार्थिव पटेल

## इस टीम ने बनाया बल्लेबाजी और सहायक कोच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए बल्लेबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पार्थिव मुख्य कोच आशीष नेहरा के नेतृत्व वाले सहयोगी स्टाफ में दोहरी भूमिका निभाएंगे।

फ्रेंचाइजी ने यहां जारी बयान में कहा, 'गुजरात टाइटन्स को अपने नए सहायक और बल्लेबाजी कोच के रूप में पार्थिव पटेल की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने 17 साल के शानदार करियर का अनुभव टीम के साथ जोड़ेगा। बयान में कहा गया है, 'टाइटंस आईपीएल के आगामी सत्र के लिए तैयारी कर रहा है और ऐसे में पार्थिव की बल्लेबाजी तकनीक और रणनीति तैयार करने की क्षमता खिलाड़ियों के कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पार्थिव ने 2020 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यह पहला अवसर होगा जबकि वह आईपीएल में कोच की भूमिका निभाएंगे। वह पिछले तीन सत्रों से मुंबई इंडियंस के लिए टैलेंट स्काउट के रूप में काम कर रहे थे। वह आईएलटी20 के पहले सत्र में एमआई अमीरात के बल्लेबाजी कोच भी रहे।

# इंडियन ओपन गोल्फ मार्च में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के अनुसार डीपी वर्ल्ड टूर के अंतर्गत हीरो इंडियन ओपन के 2025 चरण का आयोजन 27 से 30 मार्च तक होगा और इसकी पुरस्कार राशि इस साल की तरह 2.5 करोड़ अमरीकी डॉलर होगी।



आईजीयू ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इंडियन ओपन 1964 में अपने उद्घाटन चरण के बाद से ही भारतीय गोल्फ संघ की संपत्ति है। हीरो मोटोकॉर्प टूर्नामेंट का मुख्य प्रायोजक बना रहेगा। वे 2005 से मुख्य प्रायोजक हैं।

टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि हमें 17वें चरण के लिए लगातार मुख्य प्रायोजक हीरो मोटोकॉर्प का संरक्षण प्राप्त करके खुशी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में टूर्नामेंट का दायरा बढ़ता ही गया है और इस बार भी यह डीपी वर्ल्ड टूर पर एशियाई स्विंग का अंतिम पड़ाव होगा।

# त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी कुमामोटो मास्टर्स पहले राउंड में हारकर हुई बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मंगलवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान टूर्नामेंट के महिला युगल के राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। 36 मिनट तक चले मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद भारतीय जोड़ी को 29वें नंबर की चीनी ताइपे की जोड़ी ह्सू यिन-हुई-लिन झिह युन से सीधे गेम में 16-21, 16-21 से हार मिली।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला युगल में त्रिशा-गायत्री की जोड़ी की हार के साथ महिला युगल में भारत का अभियान समाप्त हो गया। चीनी ताइपे की जोड़ी ने गेम में 7-4 की बढ़त हासिल की। इसके बाद भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने पहले गेम में ह्सू यिन-हुई-लिन झिह युन को कड़ी टक्कर देने का



प्रयास किया, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए 21-16 से पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी चीनी ताइपे की जोड़ी ने शुरुआती बढ़त बनाए रखते हुए स्कोर 12-7 कर दिया। त्रिशा और गायत्री ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए गेम में वापसी की और मैच को तीसरे गेम तक पहुंचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन कोशिशों के बावजूद वे दूसरा गेम जीतने में कामयाब नहीं हो सके और ह्सू यिन-हुई/लिन झिह युन ने दूसरा गेम भी 21-16 से जीत कर मैच को अपने नाम कर लिया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन बुधवार को प्रतिस्पर्धा करेंगे। सिंधु महिला एकल के पहले राउंड में पीवी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा, जबकि पुरुष एकल में बैडमिंटन रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज लक्ष्य का सामना 31वें नंबर के खिलाड़ी मलेशिया के लियोंग जून हाओ से होगा।

# बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटे अर्जुन तेंदुलकर

## अरुणाचल प्रदेश 84 रन पर ढेर

**पोरवोरिम (एजेंसी)।** अर्जुन तेंदुलकर (पांच विकेट) और मोहित रेडकर (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर बुधवार को रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप में मुकाबले में गोवा ने अरुणाचल प्रदेश को 84 रनों के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया है। आज यहां टॉस जीतकर अरुणाचल प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अरुणाचल की शरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 27 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए। नबाम हचांग(शून्य), नीलम ओबी (22), जय भावसार (शून्य), चिन्मय पाटिल (3) रन बनाकर आउट हुए। इन चारों बल्लेबाजों को अर्जुन तेंदुलकर ने आउट किया। इसके अलावा मोजी एटे (एक) को भी अर्जुन ने आउट किया।

सिद्धार्थ बलोदी (16), संदीप कुमार (12), याब निया (शून्य) पर आउट हुए। कप्तान नबाम अबो ने सर्वाधिक (नाबाद25) रनों की पारी खेली। गोवा के गेंदबाजों ने अरूणाचल प्रदेश की पूरी टीम 30.3 ओवर में 84 के स्कोर पर सिमेट दिया। गोवा की ओर से अर्जुन तेंदुलकर ने 25 रन देकर (पांच विकेट), मोहित रेडकर ने 15 रन देकर (तीन विकेट) और कीथ पिंटो ने 31 रन देकर दो विकेट लिए।

# मृत्यु तुल्य कष्ट पहुंचाते हैं ये 4 सपने

## रावण को भी आया था यह सपना, जानिए क्या कहता है स्वप्न शास्त्र





स्वप्न शास्त्र के अनुसार, कुछ ऐसे सपने भी होते है जो व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देते हैं। यानी कुछ सपने जीवन में आने वाले सकारात्मक और नकारात्मक बदलाव की तरफ इशारा करते हैं। आज हम आपको 4 ऐसे अशुभ सपनों के बारे में बताने जा रहे है जो व्यक्ति को बताते हैं कि आने वाले समय में आपको मृत्यु के समान कष्ट मिल सकता है। आइए जानते हैं ऐसे ही 4 अशुभ सपनों के बारे में कहते है खुली आंखों से देखे गए सपनों को पूरा करने के लिए व्यक्ति को बहुत मेहनत करनी पड़ती है वहीं, बंद आंखों से देखे गए सपने व्यक्ति को उसके भविष्य के बारे में बताते हैं। सोने के बाद देखा गया हर सपना आपके भविष्य से जुड़ा हो ऐसा जरूरी कुछ सपने ऐसे भी होते हैं जिनका कोई अर्थ नहीं होता। लेकिन, स्वप्न शास्त्र में कुछ ऐसे सपनों का भी जिक्र किया गया है जो आने वाले समय में व्यक्ति को मृत्यु समान कष्ट पहुंचा सकते हैं। इन सपनों के आते ही आपको सतर्क होने की बेहद जरूरत है। क्योंकि, इस तरह के सपने आपको स्वास्थ्य संबंधी कष्ट भी प्रदान कर सकते हैं। आज जो सपने हम आपको बताने जा रहे है उनमें से एक सपना तो रावण को भी आया था। आइए जानते हैं स्वप्न शास्त्र के अनुसार, कौन से सपने देखना माना जाता है अशुभ।

### सपने में खुद को तेल लगाते हुए देखने का मतलब

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, यदि आप सपने में खुद को तेल लगाते हुए देखते हैं तो इस तरह का सपना बेहद ही अशुभ माना गया है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार, इस तरह के सपने का अर्थ है कि आने वाले समय में आप अपने आप के लिए खुद ही कुछ परेशानियां पैदा करने वाले हैं। साथ ही इस तरह का सपना आपके अस्वस्थ होने का भी संकेत देता है। इसलिए इस तरह के सपने आने पर तुरंत ही आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क होने की जरूरत है। इस तरह के सपने के आने का मतलब यह भी है कि आने वाले समय में आपको मृत्यु तुल्य कष्ट मिल सकता है।

### सपने में पेड़ गिरते देखना का मतलब

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, यदि आपको सपने में कोई वृक्ष गिरता हुआ दिखाई देता है तो यह बहुत ही अशुभ संकेत है। पेड़ आपको जितना ऊंचाई से गिरते हुए दिखाई देगा वह उतना ही जल्दी आपको आने वाले समय में किसी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। स्वप्न शास्त्र में इस तरह के सपने को बहुत ही अशुभ और कष्टकारी माना गया है। मान्यता है कि इस तरह के सपने आने पर व्यक्ति किसी बड़ी बीमारी का शिकार हो सकता है। या फिर आने वाले समय में उसके साथ कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### सपने में विवाह होते हुए देखने का मतलब

असल जिंदगी में यदि किसी का विवाह होता है तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है। वहीं, इसके विपरीत स्वप्न शास्त्र के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति को सपने में किसी की शादी होते हुए दिखाई देती है या खुद की शादी होते हुए देखता है तो स्वप्न शास्त्र के अनुसार, इस तरह के सपने बिल्कुल भी शुभ नहीं माने जाते हैं। इस तरह के सपने का अर्थ है कि आपके निजी जीवन में या तो कुछ ऐसी समस्या आ सकती है कि आपको मृत्यु सामान कष्ट होगा। या फिर इस तरह के सपने बिगड़ते स्वास्थ्य के तरफ भी इशारा करते हैं।



## क्या कहते आपके सितारे




**मेष** नौकरीपेशा लोगों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिये बॉस से प्रशन्सा मिल सकती है। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। मन में रचनात्मक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। रुका हुआ सरकारी काम आज शुरू हो सकता है। शाम को पेट दर्द की शिकायत हो सकती है।




**वृषभ** प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। विरोधियों के बीच आपका खासा प्रभाव रहेगा। आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे। परिजनों की छोटी-छोटी बातों को हल्के में न लें। वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।




**मिथुन** आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी मधुर व अनुशासित रहेगा। ऑनलाइन गतिविधियों में बच्चे काफी रुचि लेंगे। प्रेम सम्बन्धों को लेकर आप भावुक हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा।




**कर्क** आपकी दिनचर्या में आज कुछ बदलाव आ सकता है। दूसरों के मामलों में राय देने से बचें। स्वास्थ्य के लिये आपको सावधान रहना चाहिये। बोलचाल के दौरान सभ्य भाषा का प्रयोग करें। महँगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है।




**सिंह** आपके आत्मबल और कार्यदक्षता में वृद्धि होगी। व्यवसाय में सभी काम निर्विघ्न तरीके से पूर्ण होंगे। व्यापार में आपको अपेक्षा के अनुसार लाभ प्राप्त नहीं होगा। शुभ चिन्तकों और मित्रों से आप सहायता ले सकते हैं। जॉब में बदलाव करने के मौके मिलने की प्रबल सम्भावना है।




**कन्या** अत्यधिक कार्यभार के कारण तनाव का सामना करना पड़ेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर नजर बनाये रखें। साझेदारी वाले व्यवसाय में एकाधिकार जताने की प्रवृत्ति पर नियन्त्रण आवश्यक है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिये।




**तुला** आपका मन प्रसन्न रहेगा। भोग-विलास की वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। प्रियजनों के साथ आपके मधुर सम्बन्ध रहेंगे। रचनात्मक कार्यों में कारण आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। आपकी बातों से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे।




**वृश्चिक** आपको अकारण भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आशावादी दृष्टिकोण बनाये रखें। किसी भी काम को टालने की प्रवृत्ति से बचें। माता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को दवाइयों का सेवन सावधानी से करना चाहिये।




**धनु** वित्तीय योजनाओं का सफल कार्यान्वयन कर पायेंगे। घर के सभी सदस्यों का रूख आपके प्रति सहयोगात्मक रहेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार को पर्याप्त समय देंगे। मित्रों से आपको उपयोगी सलाह प्राप्त होगी। दिल की अपेक्षा दिमाग से काम लें।




**मकर** आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। बच्चों को माता-पिता से सलाह और विचार-विमर्श करना चाहिये। अविवाहित लोगों के रिश्ते की चर्चा चल सकती है। अनावश्यक खर्चो पर नियन्त्रण रखें। प्रणय सम्बन्धों को लेकर मन में चिन्ता रहेगी। व्यापारिक प्रगति से मन उत्साहित रहेगा।




**कुंभ** आज आप सेहत को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। काम की अधिकता के कारण तनाव हो सकता है। व्यापार के लिये यात्रा करने के योग बन रहे हैं। फोन के माध्यम से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे।




**मीन** बैंकिंग और द्वृञ्ज से जुड़े कार्यक्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है। किसी के प्रति में गलत विचार न लायें। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में बॉस से डाँट खानी पड़ सकती है। शोध कार्यों में रुचि ले सकते हैं। दाम्पत्य सम्बन्धों में नवीनता आयेगी।

G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
T.S.Chandwani
Specialist In :- Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034


Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259

New AJANTA TRANSPORT SERVICE
Tel.: (0251) 2568696 / 2569582
Booking : 8459362576 / 9511233010
Delivery : 7972406021 / 7972319031
UP & DOWN SERVICE FOR FOLLOWING CITIES

| | |
|---|---|
| VAPI: | Satlani Plaza, New Telephone exchange, GIDC, Char Rasta, vapi. Pincode-396195. Contact no-09978295051/09377166664 |
| VALSAD: | C/o.Purohit Roadlines, Shop No 1, Sanskrutik Bhavan, Bechar Road, valsad. Pincode-396001 Contact no - 09825394571/02632-248559 |
| CHIKHLI: | C/o.Surya Roadlines, Near Ashirwad Hospital Behind Essar Petrol pump, Samroli, Chikli. Pincode-396521 Contact no- 9825971634/7405164552 |
| NAVSARI.: | Yogiraj complex,Shop no 1&2, Opposite to Sheetal Hotel, Dharagiri National Highway No 8, Navsari. Pincode-396424 Contact no- 9824700447/9824704445 |
| SURAT: | C/o.Sunrise Travels, Shop No G-14. Shree Kuberji World, Saroli, Surat. Pincode-395010 Contact no-09723920438/6358815577 |
| BARODA: | Shreeji Market, B-38, Near Sangam Chokdi, Harni Road, Pincode -390021. (Contact No- 9033634285, 9099176830) |
| AHEMDABAD: | Godown No.32,Sainath Ind. Estate, Behind Kubeshwar Mahadev, Sejpur, Naroda. Pincode-382345 Contact no-09824677880/08140676912/09638340875 |
| RAJKOT: | C/o.Akash Roadways, Dhebar Main Road, Rajkot. Conact no-9825285683 C/o.Akash Roadways, Kishan Gate No 3, Metoda GIDC. Contact no-9925367186 C/o.Akash Roadways, Navagam main road, Navagam. Contact no-9081947786 |
| SHAPAR (VERAVAL): | C/o.Akash Roadways, Behind Old Murlidhar Weight Bridge, Opp Pitukrupa Hotel, Rajkot Gondal National Highway. Pincode- 360024 Contact no-9925716786/02827-253652 |
| MORBI: | C/o.Eleven Transport, opposite police Chowki, National Highway 8A, Makansar. Pincode-363642 Contact no- 08511493195/09904762377 |

Gmail-newajantatransport@gmail.com
Website-newajantatransport.in
Beside Kalimata Mandir, Near ACP Office, Pawai Chowk, Ulhasnagar-421003, Dist. Thane (Maharashtra)

प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
**RNI No. 68359/93,**
**( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )**
दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।

Dolphin Club
PLOT No. 181,
NEAR SACHDEV NAGAR,
CHOPRA COURT ROAD,
ULHASNAGAR- 3.
TEL.:- (0251) 271 3154

## महाराष्ट्र में भारी बारिश की संभावना, 15 जिलों के लिए येलो अलर्ट

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र में ठंड शुरू होने के संकेत मिलने के बावजूद बारिश होने की संभावना बनी हुई है। राज्य में आसमानी बिजली गिरने के साथ बारिश की भी संभावना है। मौसम विभाग ने 15 जिलों को येलो अलर्ट दिया है। मौसम विभाग ने यह भी अनुमान लगाया है कि जैसे-जैसे अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम की ओर बढ़ेगा, राज्य में बारिश कम हो जायेगी।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर आंधी के साथ बारिश की संभावना है। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। यह अनुमान लगाया गया था कि रात के दौरान हवा में ओस की मात्रा बढ़ने के कारण राज्य में जल्द ही गुलाबी ठंड होगी। लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि बारिश के लिए अनुकूल माहौल बन गया है। अगले दो दिनों तक राज्य में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने 15 जिलों को अलर्ट की चेतावनी जारी की है। 15 जिलों में तूफानी हवाओं और बिजली गिरने के साथ भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर बारिश की संभावना जताई गई है। पालघर, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, नगर, पुणे, सतारा, कोल्हापुर, बुलढाणा, वाशिम, चंद्रपुर, गढ़चिरौली में आसमानी बिजली गिरने के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है।

## महाराष्ट्र में 40 से 42 निर्वाचन क्षेत्रों में परप्रांतीय मतदाताओं का वर्चस्व

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा क्षेत्र में 40 से 42 निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं जहां परप्रांतीय मतदाताओं का वर्चस्व है। यानि परप्रांतीय मतदाताओं का झुकाव राजनीतिक दल की ओर होगा उसका उम्मीदवार विजयी होगा। अगर यह कहें कि महाराष्ट्र की सत्ता का निर्धारण परप्रांतीय मतदाताओं द्वारा किया जाएगा तो यह कहना गलत नहीं होगा। दरअसल इस साल यह स्पष्ट हो गया है कि 288 निर्वाचन क्षेत्रों में से 40 से 42 निर्वाचन क्षेत्रों में परप्रांतीय मतदाताओं का वर्चस्व है। इसलिए महाराष्ट्र की सत्ता की डोर परप्रांतीय मतदाताओं के हाथ में रहने वाली है।

आईए एक नजर डालते हैं राज्य के किस शहर में परप्रांतियों की कितनी आबादी है- मुंबई में 55-60 फीसदी, ठाणे में 40-45 फीसदी, नवी मुंबई में 40-45 फीसदी, पुणे में 25-30 फीसदी, नासिक में 20-25 फीसदी, नागपुर में 15-20 फीसदी और छत्रपति संभाजीनगर में 10-15 फीसदी। पिछले दस वर्षों में मुंबई में परप्रांतीय मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। वहीं एक सर्वे से पता चला है कि पिछले 10 सालों में मराठी मतदाताओं का प्रतिशत 2.64 फीसदी तक कम हो गया है। मुंबई में मौजूदा 36 विधानसभा सीटों के चुनाव में महायुति ने 13 परप्रांतीय उम्मीदवार उतारे हैं जबकि महा विकास आघाडी ने परप्रांतीय वोटों को अपने पक्ष में खींचने के लिए कड़ी मेहनत की है।

## सलमान खान को धमकी भरा मैसेज भेजने वाला निकला युवा गीतकार

मुंबई (नि.स.)। सलमान खान बॉलीवुड के एक लोकप्रिय अभिनेता हैं। पिछले कुछ दिनों से सलमान खान लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल पिछले कई दिनों से सलमान खान को लगातार पैसे की मांग करते हुए धमकी भरे कॉल आ रहे हैं और इस मामले में एक बड़ा खुलासा सामने आया है। पुलिस ने सलमान को धमकी देने के मामले में एक युवा गीतकार को गिरफ्तार किया है। उसका नाम सोहेल पाशा है। कुछ दिन पहले सोहेल ने सलमान को धमकी देते हुए 5 करोड़ रुपये की मांग की थी।

24 साल के गीतकार सोहेल पाशा ने 7 नवंबर को मुंबई ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर सलमान को धमकी भरा मैसेज भेजा था। संदेश में कहा गया था कि, 'वह बिश्नोई गिरोह का सदस्य है। अगर सलमान ने 5 करोड़ रुपये नहीं दिए तो अभिनेता सलमान खान की हत्या कर देंगे।' दिलचस्प बात यह है कि सोहेल पाशा ने सलमान के लिए 'मैं सिकंदर हूं' गाना लिखा है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक उसने सलमान पर लिखे गाने 'मैं सिकंदर हो' को पॉपुलर करने के लिए धमकी भेजी थी। आखिरकार गीतकार सोहेल पाशा को पुलिस ने कर्नाटक के रायचूर इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

## आपस में भिड़े ठाकरे और शिंदे गुट के कार्यकर्ता
## आधी रात को जोगेश्वरी में हुआ जोरदार हंगामा

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर चल रहा है। सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में जुटी है। इस बीच मंगलवार की रात मुंबई के जोगेश्वरी में उस समय तनावपूर्ण स्थिति हो गई जब शिंदे गुट और ठाकरे गुट के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। अब इस रैली को लेकर पुलिस ने शिवसेना ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं के खिलाफ 3 अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं।

दरअसल जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र में यह खबर फैल गई कि शिंदे गुट के सांसद रवींद्र वायकर के कार्यकर्ता महिलाओं को सामान बांट रहे हैं। इसी के चलते ठाकरे गुट के कार्यकर्ता मातोश्री क्लब में जवाब मांगने पहुंचे। इसी दौरान दोनों तरफ से शिवसैनिक एक-दूसरे पर टूट पड़े, जिसके कारण मुख्य सड़क 15 से 20 मिनट तक अवरुद्ध रही। हालांकि, पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। मातोश्री क्लब के बाहर ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई थी। दोनों तरफ से जोरदार नारेबाजी हो रही थी। इस दौरान ठाकरे गुट ने आरोप लगाया कि वायकर के कार्यकर्ताओं ने गेट के अंदर से पथराव किया। इसके चलते मातोश्री क्लब के बाहर तनावपूर्ण स्थिति हो गई। जब ये सारा हंगामा चल रहा था, तब वहां पर ठाकरे गुट के जोगेश्वरी पूर्व से उम्मीदवार बाला नर भी मौजूद थे। वह शिवसैनिकों के साथ रैली का नेतृत्व करते भी दिखे।

ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं का कहना है कि मातोश्री क्लब में जाने के बाद वायकर गुट के कार्यकर्ताओं ने उनके साथ मारपीट की। ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं की मांग है कि पुलिस दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। रैली के बाद ठाकरे गुट के नेता अनिल परब वहां पहुंचे। उन्होंने शिंदे गुट की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, मुंबई में हर जगह यही हो रहा है। कई जगहों पर पैसे और अनाज का वितरण चल रहा है। पिछले कई दिनों से मातोश्री क्लब पर पैसे बांटे जा रहे हैं। हमने चुनाव आयोग को इसकी जानकारी दे दी है। अनिल परब ने कहा कि हम यहां उनके खिलाफ कार्रवाई करने आए हैं। फिलहाल मातोश्री क्लब के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आदिवासी तथा ग्रामीण इलाकों में पुरुष और महिला मतदाताओं की समान संख्या

ठाणे (नि.स.)। ठाणे जिले में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ रही है और 1000 पुरुषों के पीछे 880 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। दिलचस्प बात यह है कि अशिक्षित, आदिवासी और ग्रामीण महिलाओं में महिला मतदाताओं की संख्या लगभग पुरुष मतदाताओं जितनी ही है। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की तुलना में केवल 4 हजार 813 कम मतदाता हैं और सबसे शिक्षित क्षेत्र के रूप में प्रतिष्ठित डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 474 मतदाताओं का अंतर है। वहीं भिवंडी में महिलाओं में मतदाता बनने के प्रति उदासीनता बड़े पैमाने पर है और देखा गया है कि पुरुषों की तुलना में 56 हजार 643 काफी कम हैं।

ठाणे जिले में 33 लाख 82 हजार 882 महिला मतदाता और 38 लाख 45 हजार 42 पुरुष मतदाता हैं। यानि महिला मतदाताओं से 4 लाख 62 हजार 160 पुरुष मतदाता अधिक हैं। ठाणे जिले में, महिला मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है, जिसमें वंचित, आदिवासी और ग्रामीण महिलाओं का अनुपात अधिक है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के राष्ट्रीय कर्तव्य को पूरा करने के लिए मतदाता बनने की जागरूकता शिक्षित और शहरी महिलाओं से कहीं अधिक आदिवासी तथा ग्रामीण इलाकों की महिलाओं में है। शाहपुर, भिवंडी ग्रामीण में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित महिला मतदाताओं की संख्या से यह स्पष्ट है। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 47 हजार 935 पुरुष और 1 लाख 43 हजार 122 महिला मतदाता हैं और दोनों के बीच केवल 4 हजार 813 मतदाताओं का अंतर है।

भिवंडी ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में 1 लाख 74 हजार 90 पुरुष और 1 लाख 63 हजार 610 महिला मतदाता हैं। पुरुषों की तुलना में 10 हजार 480 महिला मतदाता कम हैं। वहीं सबसे ज्यादा शिक्षित क्षेत्र डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 60 हजार 298 पुरुष और 1 लाख 52 हजार 824 महिला मतदाता हैं। पुरुषों से महज 7 हजार 474 महिला मतदाता कम हैं। आंकड़े बताते हैं कि ठाणे विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की तुलना में 11 हजार 716 महिला मतदाता कम हैं। ठाणे में 1 लाख 94 958 पुरुष मतदाता और 1 लाख 83 हजार 242 महिला मतदाता हैं। उधर मुस्लिम बहुल संसदीय क्षेत्र भिवंडी में महिला मतदाताओं की संख्या कम देखा जाता है। भिवंडी पूर्व निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की तुलना में 56 हजार 643 महिला मतदाता कम हैं। पुरुष मतदाता 2 लाख 15 हजार 50 और महिला मतदाता 1 लाख 58 हजार 407 हैं। जबकि भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 89 हजार 953 पुरुष मतदाता और 1 लाख 43 हजार 926 महिला मतदाता हैं। यानि 46 हजार 27 मतदाताओं का अंतर है। जबकि मुंब्रा-कलवा विधानसभा क्षेत्र में यही अंतर 25 हजार 602 है और ऐरोली विधानसभा में 56 हजार 81 महिला मतदाता पुरुषों से कम हैं।

## छात्रवृत्ति आवेदन की समय सीमा 30 नवंबर तक मनपा ने बढ़ाई

नवी मुंबई (नि.सं.)। नवी मुंबई मनपा की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू की गई है. इस योजना के लिए आवेदन स्वीकार करने की समय सीमा 30 नवंबर तक बढ़ाने की जानकारी सामाजिक विकास विभाग के उपायुक्त किसनराव पलांडे ने दिया. इसके लिए आवेदन ऑनलाइन www.schemenmmc.com वेबसाईट पर स्वीकार किया जा रहे हैं. अब तक 31 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

बताते चलें कि नवी मुंबई मनपा अधिकार क्षेत्र में कक्षा पहली से कॉलेज स्तर तक शिक्षा ले रहे गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक छात्रवृत्ति वितरण की योजना मनपा के माध्यम से ऑनलाइन चलाई जा रही है. वर्ष 2024-25 के लिए शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना में विधवा, तलाकशुदा महिलाओं के बच्चों को छात्रवृत्ति का वितरण, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कक्षा 1 से कॉलेज तक के स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का वितरण, पिछड़े वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा एक से महाविद्यालय तक की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति वितरित, मनपा क्षेत्र में स्थानीय परियोजना पीड़ितों के परिवारों से कक्षा 1 से कॉलेज तक पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति का वितरण, नवी मुंबई क्षेत्र के मनपा प्रतिष्ठानों में सफाई कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का वितरण, नवी मुंबई क्षेत्र में खदान, निर्माण, रेत, नाका श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का वितरण, ऐसी विभिन्न घटकों के विद्यार्थियों को शैक्षणिक छात्रवृत्ति वितरित की जायेगी।

## विधानसभा चुनाव के लिए 426 मतदान केंद्रों का नियंत्रण नारी शक्ति के पास

मुंबई (नि.स.)। केंद्रीय चुनाव आयोग ने 'महिला नियंत्रित मतदान केंद्र' स्थापित करने का आदेश दिया है। इस बार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राज्य के 426 मतदान केंद्रों पर महिलाएं नियंत्रण रखेंगी। दरअसल मतदान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 'महिला नियंत्रित मतदान केंद्र' स्थापित किये जायेंगे। चुनाव आयोग के कार्यालय के अनुसार नासिक जिले में सर्वाधिक 45 मतदान केंद्रों पर महिलाओं का नियंत्रण रहेगा। इसके बाद जलगांव में 33, गोंदिया में 32 और सोलापुर में 29 तथा मुंबई उपनगर में 26 मतदान केंद्र होंगे। वाशिम, सिंधुदुर्ग, गढ़चिरौली, हिंगोली जिलों में प्रत्येक में न्यूनतम तीन महिला नियंत्रित मतदान केंद्र होंगे। महिला नियंत्रण वाले मतदान केंद्रों पर तैनात पुलिस से लेकर चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी यानि सभी महिलाएं होंगी।

दरअसल लैंगिक समानता और मतदान प्रक्रिया में महिलाओं की अधिक भागीदारी के लिए महिला नियंत्रित महिला मतदान केंद्र होंगे। चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक सभी महिला नियंत्रित मतदान केंद्रों पर किसी खास रंग का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। साथ ही इस बात का भी ख्याल रखा जाएगा कि मतदान केंद्र पर किसी खास राजनीतिक दल के रंग का अनावश्यक इस्तेमाल नहीं हो। 'महिला नियंत्रित मतदान केंद्र' स्थापित करने के निर्णय से मतदान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। महिला मतदान केंद्र का चयन करते समय सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा। जिलेवार महिला नियंत्रित मतदान केंद्र इस प्रकार है- मुंबई शहर 12, ठाणे में 18, पालघर में 6, पुणे में 21, रायगढ़ में 9, अहमदनगर 12, नांदेड़ में 9, सतारा में 17, बुलढाणा 7, सांगली में 8, वर्धा में 9, अकोला 6, रत्नागिरी में 6, अमरावती 8, छत्रपति संभाजीनगर 13, बीड 8, यवतमाल में 7, भंडारा 8, चंद्रपुर 9, धुले 5, जालना 6, कोल्हापुर 10, नंदुरबार में 4, लातूर 6, नागपुर 13, धाराशिव में 4 और परभणी में 8.

## मुंबई के 2 हजार से ज्यादा मतदाता विदेश में

मुंबई (नि.स.)। जो लोग रोजगार या व्यवसाय के कारण या सेवानिवृत्ति के बाद अपने बच्चों के साथ विदेश में रहते हैं, उन्हें भी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में मतदान करने का अवसर मिलता है, लेकिन उन्हें शारीरिक रूप से उपस्थित होना होगा और अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करना होगा। मुंबई शहर में ऐसे मतदाताओं की संख्या 407 है, जबकि उपनगरों में 1,881 है। कई अनिवासी भारतीय (एनआरआई) सिर्फ लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए मुंबई आए थे। लेकिन, मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण उन्हें मतदान से वंचित होना पड़ा। ऐसा दोबारा न हो इसके लिए चुनाव आयोग ने पहले से ही एहतियात बरत लिया है। चुनाव आयोग पहले ही विदेश में रहने वाले मतदाताओं से अपील कर चुका है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित कर लें और उसके बाद ही मतदान करने आएं।

**■ पासपोर्ट आवश्यक**

मुंबई में दो हजार से अधिक अनिवासी भारतीय मतदाता हैं। चूंकि उनका नाम मतदाता सूची में है, इसलिए वे पासपोर्ट प्रमाण के आधार पर मतदान कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि पहचान के लिए एनआरआई का मूल पासपोर्ट जरूरी है। वहीं कई युवा रोजगार के लिए विदेश में हैं तो कुछ व्यवसाय के लिए विदेश में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश के नाम यहां की मतदाता सूची में हैं। उनके पास एकमात्र विकल्प घर आकर मतदान करना है। इसलिए कई मतदाता चुनाव आयोग से ये अनुरोध कर रहे हैं कि आयोग को उन भारतीयों के लिए डाक मतदान या अन्य विकल्पों के माध्यम से मतदान प्रदान करने पर विचार करना चाहिए जो काम के सिलसिले में विदेश में हैं।

## चुनाव ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए एक दिन के अवकाश की मांग

भिवंडी (नि.सं.)। विधानसभा चुनाव के दूसरे दिन चुनाव ड्यूटी पर आने वाले शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं सरकारी कार्यालयों के कर्मचारियों को एक दिन का अवकाश देने की मांग महाराष्ट्र शिक्षण क्रांति संगठन ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की है, संगठन के राज्य अध्यक्ष सुधीर घागस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजे गए पत्र में भारत निर्वाचन आयोग के संदर्भ पत्र में बिन्दु क्रमांक 7 का हवाला दिया है।

सुधीर घागस ने भारत निर्वाचन आयोग निर्देशों का हवाला देते हुए कहा है कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान के दूसरे दिन अपनी नियमित ड्यूटी पर उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन भारत निर्वाचन आयोग का संदर्भ पत्र कार्यालय प्रमुख के पास उपलब्ध न होने के कारण चुनाव ड्यूटी पर लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान के दूसरे दिन भी नियमित रूप से काम पर आने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसके लिए सुधीर घागस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से सभी जिलाधिकारी को निर्देश देकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनाव ड्यूटी पर लगे सभी कर्मियों को मतदान के दूसरे दिन अवकाश देने की मांग किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी की खारघर में सभा आज

नवी मुंबई (सनी पांडेय)। आज गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खारघर के सेक्टर 35 के मैदान में भव्य चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया है. प्रधानमंत्री मोदी खारघर आने के कारण हेलीपैड से सभा स्थल तक पूरी सड़क को चकाचक कर दिया गया है. वहीं प्रशासन की उदासीनता से गुस्साए लोगों ने महिने में एक बार प्रधानमंत्री की सभा के आयोजन की मांग की है ताकि मनपा प्रशासन सतर्क और सावधान रहे। भाजपा ने इस बैठक में उरण, पनवेल, कर्जत समेत नवी मुंबई के कई विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों को लाने की योजना बनाई है. प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को सुनने के लिए गुरूवार शाम तकरीबन 25 हजार कार्यकर्ता सभा स्थल पर इकट्ठा होने वाले हैं. इस सभा से सबसे अधिक फायदा पनवेल महायुती के उम्मीदवार प्रशांत ठाकुर को होगा।

**1200 से अधिक पुलिस बल रहेगी तैनात**

प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे के नेतृत्व में कार्यक्रम स्थल पर 1,200 से अधिक पुलिस बल तैनात रहेंगे।

**जोडपत्र ४७**

**प्रपत्रके क्र. १ ते सी ८ आणि क /सीएअ**

**प्रपत्र क्र. - १**

**फौजदारी प्रकरणांबाबतचे घोषणापत्र -**

याद्वारे असे घोषित करण्यात येत आहे की, माझे अशिल श्री. महेश दशरथ गायकवाड हे १४२ कल्याण पुर्व विधानसभा मतदार संघातून स्वतंत्रपणे निवडणूक लढवत आहेत. माझ्या अशिलाच्या खुलाशानुसार आणि माझ्या माहिती नुसार, माझ्या अशिलावर नोंदविलेल्या गुन्ह्यांची यादी खालीलप्रमाणे आहे;

उमेदवाराचे नाव व पत्ता - महेश दशरथ गायकवाड
वर्षा अपार्टमेंट रुम नं. २०, संतोषनगर, पुना लिंक रोड, कल्याण पुर्व
राजकीय पक्षाचे नाव - अपक्ष उमेद्वार
निवडणुकीचे नाव - विधानसभा
मतदार संघाचे नाव - १४२ कल्याण पूर्व

मी महेश दशरथ गायकवाड (उमेदवाराचे नाव ) वर नमुद केलेल्या निवडणुकीसाठी उमेदवार आहे, माझ्या गुन्हेगारी पुर्व पार्श्वभुमी बद्दल खालील तपशिल सार्वजनिक माहितीसाठी जाहिर करतो. -

| अ.क्र. | पोलीस ठाणे | एफ.आय.आर.क्रमांक | कोर्ट | कलम अंतर्गत | गुन्ह्यांचे वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | कोळसेवाडी | II 75/2015 | ४ थे न्यायालय कल्याण | मुंबई पोलीस अधिनियम कलम ३७(३),१३५ | राजकीय अंदोलन |
| २. | कोळसेवाडी सी-पोलीसांनी सादर केलेला अंतिम अहवाल | I 709/2019 | | १४३,१४७,१४८, १४९,२९४,३८५, ५०४,५०६ | बेकायदा जमाव |
| ३. | कोळसेवाडी | I 229/2023 | | १४३,१४७,१४८,१४९, ३२३,३२४,५०६ | |
| ४. | कोळसेवाडी | सी 570/2012 | | ३२३,३२४,५०४,५०६ | |
| ५. | हिल लाईन | I 170/2014 | उल्हासनगर १ न्यायालय | १४३,१४९,४२७,४४७, ५०४ | |
| ६. | हिल लाईन | I 248/2024 | | १४३,१४९,३८५,५०४, ५०६,४४७,३४१ | |
| ७ | हिल लाईन | I 645/2024 | | १४३,१४९,५०४,५०६ | |
| ८. | बाजारपेठ | I 57/2017 | ४थे न्यायालय कल्याण | १४३,१४७,१४८,१४९ १५५,४५२,१२०(ब) | |
| ९. | मानपाडा | II 1559/2012 | ३ रे न्यायालय कल्याण | मुंबई पोलीस कायदा ३७,१३५ | |

**FORMAT C-2**

**(for political party to publish in website, Newspapers, TV)**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the parties**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of political party: **Nagrik Vikas Party**

Name of Election: **General Legislative Assembly Elections 2024**

Name of State/UT: **Maharashtra**

1) Name of Constituency: - **141 – Ulhasnagar Assembly Constituency**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sl. No.** | **Name of Candidate** | **Name of Constituency** | **Pending Criminal Cases** | | **Details about cases on Conviction for criminal Offences** | |
| | | | Name of Court, Case No. and Status of Case | Section(S) of acts concerned and brief description of offence (s) | Name of Court & date (s) of order (s) | Description of offence (s) & punishment imposed |
| 1 | **Sayani Manoj Dilip @ Sayani Mannu** | **141 - Ulhasnagar** | Kalyan Sessions Court, Kalyan. Session Case No. 223/2020, | IPC Sections 141, 147, 149, 323, 504, 353, 341. Allegation of assault or criminal force to deter public servant from discharge of his duty | **Nil** | **Nil** |
| 2 | | | Kalyan Sessions Court, Kalyan. Session Case No. 210/2023, Charge | IPC Sections 353, 323, 186, 504, 506, 34 The Environment (protection) act,1986, Section 136 of Bombay Police Act. | **Nil** | **Nil** |
| | | | | Allegation of assault or criminal force to deter public servant from discharge of his duty | | |
| 3 | | | Kalyan Sessions Court, Kalyan Session Case No. 315/2012, Charge | IPC Sections 307, 324, 143, 147, 148, 149 Allegation of attempt to murder. | **Nil** | **Nil** |
| 4 | | | Judicial Magistrate First Class, Ulhasnagar. R.C.C. No. 715/2, | IPC Section 506,232, 350, 434, 323, 123 Allegation of Voluntarily causing hurt | **Nil** | **Nil** |